
BSES

BSES Rajdhani Power Limited

# बिजली से सुरक्षा के सुझाव



1. बारिश के दौरान बिजली उपकरणों जैसे कि बिजली के पोल, बिजलीघरों की बाउंड्री और फेन्सींग आदि से दूर रहें। यदि बिजली उपकरणों जैसे बिजली के पोल इत्यादि के आस पास पानी भरा हो तो पानी से होकर ना गुजरें उसमें करंट हो सकता है।
2. बिजली की चोरी न करें, ऐसा करते वक्त आपकी जान को खतरा हो सकता है और यह एक सामाजिक बुराई भी है।
3. अपने छज्जों को अनाधिकृत तरीके से बढ़ाकर बिजली उपकरणों तक ना ले जाएं यह जानलेवा है और कानून का उल्लंघन भी है।
4. उपभोक्ता **BSES** में लगे विद्युत उपकरणों को किसी भी स्थिति में हाथ न लगाएं व उनसे दूरी बनाकर रहें।
5. यदि उपभोक्ता किसी भी तरह की चिंगारी या आग विद्युत उपकरणों में पाता है, तो तुरंत **BRPL** के हेल्पलाइन नंबर 19123 (टोल फ्री) पर सूचित करें।
6. बिजली के झटकों व दुर्घटनाओं से बचने के लिए नियमानुसार ईएलसीबी / आरसीसीबी (**ELCB/RCCB**) यानी अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर बिजली मीटर के बाद लगवाएं। इससे आपका परिवार बिजली के खतरों से सुरक्षित रहेगा।
7. पतंग उड़ाने के लिए मेटल वाले मांझे का प्रयोग ना करें। बिजली के तारों व सब स्टेशनों के पास पतंग ना उड़ाएं। इससे बिजली का करंट लग सकता है।
8. अगर गेंद अथवा कोई भी चीज ट्रांसफॉर्मर के पास चली गई हो तो उसे निकालने ना जाएं, यह खतरनाक है। अगर कोई गिरी हुई वस्तु को निकालना जरूरी है तो हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।
9. बिजली के तारों के पास या तारों पर कपड़े ना सुखाएं। उनसे दूरी बनाकर रखें। यह खतरनाक एवं जानलेवा हो सकता है।

बिजली से सुरक्षा संबंधी उपरोक्त सुझावों को अपने परिवार व दोस्तों से साझा व विचार–विमर्श करें ताकि बिजली संबंधी दुर्घटनाओं को रोका जा सके

किसी भी आतापकालीन स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 19123 (टोल फ्री) पर सूचना दे।

## करंट लगने पर क्या करें

- बिजली के स्रोत को तुरंत मेन स्विच से ऑफ करें
- यदि यह संभव नहीं, तो किसी नॉन–मैटलिक / ड्राई स्टिक की सहायता से बिजली के स्रोत को पीड़ित व्यक्ति के शरीर से अलग करें
- उपचार के लिए तत्काल एंबुलेंस / अस्पताल / डॉक्टर को फोन करें
- उपचार के लिए मदद पहुंचने तक उसे आराम की मुद्रा में लेटा दें
- पीड़ित व्यक्ति को पानी के संपर्क में न आने दें
- मदद पहुंचने तक व्यक्ति के पास ही रहें

